सार-समाचार

स्तनपान पर व्याख्यान

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज में स्तनपान पर अतिथि व्याख्यान स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग, जीएमसीएच ने बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज की ओर से डॉ. गार्गी गोयल द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। सत्र की अध्यक्षता जीएमसीएच के डीन डॉ डी.सी कुमावत ने किया। इस अवसर पर डॉ हेमलता मित्तल, डॉ अंजना वर्मा, डॉ ज्योति जैन, डॉ जिग्नासा पटानी, डॉ सुरेश चौधरी, डॉ जितेंद्र हिरानी उपस्थित थे।

धोखाखड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर पीड़ित से नकदी हड़पवने वाली कंपनी के खिलाफ भुपालपुरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसर पीड़ित सुभाषनगर ओरियन्टल पैलेस के सामनेस्थित एकलस्वामी अनेमल आर्गेनिक लि. के प्रतीत दक पुत्र सुरेन्द्र कुमार ने व्यापार भारत डोट कॉम नामक कंपनी के मैनेजर सोमी अली केअलावा निदेशक प्रियंका, देव ट्रिक्स प्रा. लि. टाप फ्लोर शंकर गार्डन विकासपुरी दिल्ली के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं आर्गेनिग उत्पाद का कारोबार करता हूं। आरोपी सोमी अली व साथियों ने संपर्क किया तथा व्यपार बढ़ाने के लिए कंपनी का सदस्य बनने छह ग्राहक देने की बात कही। इस पर मैने 30 हजार रूपये जमा करवाए तो मोरिसस की एलिजाबेथ ने संपर्क किया। बातचीत होने पर उसने व्यापार के लिए ट्रेड बीमा होने की बात कही। इस पर आरोपी कंपनी से संपर्क कर रूपये जमा करवाए। एलीजाबेथ ने एक्प्रेस कार्ड से पैसा ट्रारंसफर नहीं होने की बात कहते हुए गेटवे उपलब्ध करवाया। कुछ समय बाइ बैक खाते में रूपये ट्रांसफर नहीं होने का हवाला देते हुए लिमिट बढ़ाने के लिए कहा। इस पर आरोपी कंपनी को टुकड़ों टुकड़ों में 1 लाख 6 हजार रूपये का भुगतान किया लेकिन आज दिन ग्राहक नहीं बढ़े। इस पर आरोपियों से संपर्क किया तो मोबाईल बंद मिला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

छेड़छाड का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी आवरीमाता कच्ची बस्ती निवासी पुष्कर पुत्र नरेश बुनकर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। आरोपी आए दिन मेरा पिछा कर परेशन करता है तथा छेड़छाड़ करता है। 2 गसत को मैं घर से ऑटों में बैठ कर जा रही थी। इसको देख पिछा कर आरोपी ने मुझे ऑटों से निचे उतार कर छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी ने एक माह पूर्व शराब के नशे में मकान से पकड़ कर थाने लेजाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए वीड़ियों वायरल कर जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी। । इसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक ने सूरजपोल पुलिस थानेमेंतैनत कांस्टेबल ओमप्रकाश को निलंबित कर दिया था एवं तीन अन्य पुलिस कर्मियों को लाईन हाजिर कर दिया था।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णपुरा पीपल के पास भुपालपुरा निवासी कैलाश (34) पुत्र शंकरलाल तेली ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। कैलाश गुरूवार रात पत्नी व बच्चों के साथ सोया था। दूसरे दिन वह अन्य कमरें में फंदे पर लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर एएसबाई बद्रीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मादक पदार्थ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रातपनगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार उसके कब्जे से एमडीएमए मादक पदार्थ जब्त किया। जिलापुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में चलाए जारहे तलाशी अभियान के दौरान प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने गुरूवार रात में नाकाबंदी के दौरान प्रतापनगर चौराहे पर उथनोल नाथद्वारराजसमंद हॉल नकोड़ानगर प्रतापनगर निवासी हरिशंकर पुत्र नवलराम को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 7.49 ग्राम अवैध एमडीएमए जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

अपहरण कर मारपीट की

उदयपुर, (कासं)। शहर के नाई थाना पुलिस ने कार में सवार आरोपियों के खिलाफ पीड़ित का अपहरण कर मारपीटकरने का मामल दर्ज किया। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव जावद नीमच एमपी निवासीअभिषेक शुक्ला पुत्र ओमप्रकाश शुक्ला ने आरोपी नया गांव निवासी मुकेश जाट, बालू माली व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं व चित्तौड़गढ़ निवासी साथी शहर भ्रमण के लिए आए तथा आरावली विला होटल में ठहरे थे। 26 जुलाई को सज्जनगढ़ रोड़ पर घुमने के लिए गए थे। इस दौरान आए कार लेकर आए आरोपियों ने कार में डाल कर अपहरण कर ले गए तथा साथी के साथ मारपीट की। इस पर घटना के बाद गांव पहुंचने पर चित्तोड़गढ़ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जहां से जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद नाई थाने पहुंची है। प्रकरण की जांच थानाधिकारी साबीर खान कर रहे है।

वाकपीठ का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झामर कोटडा में कुराबड ब्लॉक की सत्र आरंभ वाकपीठ का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीडीईओ पुष्पेंद्र शर्मा, द्वारा उदयपुर जिले की रैंकिंग सुधारने पर जोर दिया परमेश्वर श्रीमाली, एडीपीसी चंद्रशेखर जोशी, सीबीओ कुंज बिहारी भारद्वाज अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

रोजगार सृजन के साथ कौशल विकास में माइनिंग सेक्टर का योगदान अहम: चांदना

उदयपुर, (कासं)। खेल, युवा मामले और जनसंपर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना शुक्रवार को उदयपुर में एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने होटल लेकेंड में फिग्सी द्वारा आयोजित 'अर्थव्यवस्था को गति देने एवं अर्थव्यवस्था में खनन क्षेत्र के योगदान' विषय पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मंत्री अशोक चांदना ने इस दौरान कहा कि माइनिंग सेक्टर का बडी संख्या में रोजगार सृजन एवं कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ग्राहक संतुष्टि महत्वपूर्ण है एवं माइनिंग क्षेत्र को इस दिशा में निरंतर कार्य करना होगा। अपने वक्तव्य में उन्होंने आमजन से जुडने के लिए सोशल मीडिया की अहमियत पर भी प्रकाश डाला।

अशोक चांदना ने कहा कि प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत समाज के हर वर्ग के लिए चिंतित रहते हैं एवं हर वर्ग के लिए उनके दिल के दरवाजे खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानव संवेदनाओं को समझते हैं एवं प्रदेश में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं।

उदयपुर के में फिग्सी द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस को मंत्री अशोक चांदना ने संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान भी मुख्यमंत्री ने साधू, संतों, विपक्ष के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि को साथ लेकर कार्य किया।

मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को बढावा देने एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार दिन-रात प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि व्यवसाइयों को तीन वर्षों तक कई अनुमतियों एवं औपचारिकताओं से छूट प्रदान की गई है जिससे निवेश बढा है। मंत्री श्री अशोक चांदना ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में अधिकाधिक निवेश लाने के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं प्रदेश में व्यवसाइयों हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। कॉन्फ्रेंस में राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोडा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की पहल पर व्यवसाइयों को प्रोत्साहित करने हेतु कई योजनाएं चलाई गई है जिससे कि व्यवसाय हेतु प्रदेश में सकारात्मक माहौल बना है। इससे अन्य देशों और प्रदेशों के निवेशक भी राजस्थान की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु किये जा रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में फिग्सी के संयुक्त सचिव खलित भंडारी, अध्यक्ष इशविंदर सिंह, आईएएस के बी पंडया निदेशक माइंस एंड जियोलोजी विभाग, अक्षदीप माथुर सेक्रेटरी जनरल फेडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष स्टोन 2023 सहित कई उद्योगपति एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

100 पौधे लगाए

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिकी विवि के छात्र कल्याण निदेशालय छात्र कल्याण निदेशालयालय के तत्वाधान में क्रीडा मण्डल के विवि पवेलियन सी.टी.ए.ई. मैदान एवं छात्र कल्याण निदेशालय कार्यालय, सुरजपोल पर 100 पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति डा. नरेन्द्र सिंह राठौड ने पवेलियन छोर से प्रात: 11 बजें पहला पौधा लगाकर शुभारम्भ किया। छात्र कल्याण निदेशक डा. मुरतजा अली सलोदा नें बताया कि सरकारी आदेश एवं कुलपति की प्रेरणा से विवि स्तर पर पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति डा. नरेन्द्र सिंह राठौड ने पर्यावरण संरक्षण के मध्यनजर उक्त कार्यक्रम की महश्रता को उजागर करतें हुए विश्व स्तर पर हो रहें ग्लोबल वार्मिग को ध्यान में रख हमें पौधो को लगाना चाहिए।

महंगाई के विरोध में प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। शहर एवं देहात कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बढती हुई महंगाई, बेरोजगारी एवं आवश्यक सामान पर जी.एस.टी के विरोध में निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, देहात जिलाध्यक्ष लालसिंह झाला के नेतृत्व में जिलाधीश कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन एवं गिरफ्तारी कीं।

कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख ने बताया की पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरजा व्यास ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। लगातार बढती महंगाई से आम लोगो का जीना दुबर हो गया। महंगाई के खिलाफ उठी आवाज को मोदी सरकार कुचलने की साजिश रच रही है।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने इस अवसर पर कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, एवं जी.एस.टी की लूट आदि के खिलाफ कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी।

उदयपुर में महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

केन्द्र की मोदी सरकार इन चीजों से ध्यान भटकाने में लगी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को सरकारी ऐजेन्सीयों के द्वारा परेशान किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन एवं गिरफ्तारी के अवसर पर पंकज कुमार शर्मा, सुरेश श्रीमाली, दिनेश श्रीमाली, मांगीलाल गरासीया, सज्जन कटारा, फतेहसिंह राठौड़, नजमा मेवाफरोश, विरेन्द्र वेष्णव, विवेक कटारा, पूरण मेनारिया, राजीव सुहालका, खोबीलाल मेनारिया, चन्दा सुहालका, उषा गुप्ता, असरार अहमद, रियाज हुसैन, लक्ष्मीनारायण पण्डया, पार्षद फिरोज अहमद शेख, हितांशी शर्मा, दिनेश दवे, सुधीर जोशी, मोहनलाल शर्मा, मनीष शर्मा, सोमेश्वर मीणा, भरत शमानुज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजुद थे।

'राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मिले स्थान'

राजसमन्द, (कासं)। लोकसभा के मानसून सत्र में राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने हेतु संविधान संशोधन विधेयक 2022 प्रस्तुत किया।

सदन में प्राइवेट बिल पेश करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भाषा किसी क्षेत्र के इतिहास संस्कृति जनता शासन प्रणाली पारिस्थितिकी राजनीति आदि की सूचक है। राजस्थानी पश्चिमी इंडो-आर्यन मूल की एक भाषा है जो पूरे राजस्थान के साथ ही हरियाणा गुजरात तथा मध्य प्रदेश के कुछ भागों में व्यापक रूप से बोली जाती है। राजस्थानी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। यह 1500 से भी अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। राजस्थानी भाषा में 7 वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व के प्रसिद्ध प्राचीन दार्शनिकों खगोलविदों गणितज्ञों कवियों और लेखकों के कार्यों की भी पहचान की गई है और उन्हें संरक्षित किया गया है।

सांसद दीयाकुमारी ने संविधान संशोधन बिल पेश करने के पुख्ता कारणों और उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा की उपस्थिति विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैसे संगीत कला नृत्य और नाटक में भी देखी जा सकती है। राजस्थानी भाषा ऐतिहासिक और पारंपरिक रूप से बहुत समृद्ध होने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर घोर उपेक्षा की शिकार है।

राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने की मांग की।

अंतत: इससे भाषा के अपने अस्तित्व को खोने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। साथ ही संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं की योजना में अब तक राजस्थानी भाषा को शामिल नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप इस भाषा में दक्ष विद्यार्थी कुशलता से इसका प्रयोग करने में असमर्थ हैं। राजस्थानी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने से रोजगार के भी अवसर सृजित होंगे।

सांसद ने कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में राजस्थानी भाषा को शामिल करने की मांग आमजन द्वारा लगातार की जाती रही है। साहित्य अकादमी और विवि अनुदान आयोग राजस्थानी भाषा को एक अलग भाषा के रूप में मान्यता देते हैं। राजस्थानी भाषा राजस्थान राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में भी पढाई जाती है। फिर भी, राजस्थानी भाषा को राष्ट्रीय मान्यता नहीं दी गई है। संविधान की सूची में स्थान देने की मांग रखते हुए सांसद ने कहा कि राजस्थानी भाषा की पवित्रता की रक्षा संवर्धन एवं परिरक्षण तथा इस भाषा के बोलने वालों की संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा एवं इस भाषा के महत्व को भी ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करके उसे उचित मान्यता दी जाए।

चेन छीनने के मामले में तीन गिरफ्तार

उदयपुर, 5 जुलाई। शहर के प्रातपनपगर थाना क्षैत्र में महिला के गले से सोने की चेन छिनने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 22 जुलाई को अरविंद नगर निवासी महिला अपनी बच्ची को स्कूल में बैठाने के लिए सड़क किनारे खड़ी थी।

इस दौरान वापस घर लौटते समय बाइक सवार तीन बदमाश आए तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने उतर गले से चेन खींच साथी की बाइक पर बैठ फरार हो गया। इसी तरह शहर के हिरणमगरी, सुखेर पुलिस थानाक्षैत्र में महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनने की वारदाते हुई थी। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने बेडवास कच्ची बस्ती निवासी जसपालसिंह पुत्र कमलसिंह सिकलीगर, आकाश नगर द्वारकापुरी इन्दौर हॉल बेड़वास निवासी जितेन्द्र उर्फ काना पुत्र सागर सिंह तथा बेड़वास कच्ची बस्ती निवासी शहजदसिंह पुत्र राकूसिंह सिकलीगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने शहर के हिरणमगरी, सुखेर, प्रतापनगर पुलिस थानाक्षैत्रों में चेन छीनने की वारदातें करना स्वीकार किया है।

सार-समाचार

उदयपुर में मूसलाधार बारिश

उदयपुर, । उदयपुर जिले में शुक्रवार अलसुबह शहर के कई हिस्सों में तेज मूसलाधार बारिश हुई। सुबह हो रही लगातार बारिश के चलते कई स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया। इधर, मदार नहर से हो रही आवक से फतहसागर का जलस्तर बढ़कर 12 फीट 6 इंच हो हो गया है। अब यह केवल 6 इंच खाली रह गया है। आवक बनी रही तो फतहसागर इस बार छलकेगा नहीं बल्कि अतिरिक्त आवक वाले पानी को पीछोला झील को दिया जाएगा। आज सुबह करीब 6 बजे शहर में तेज मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ यह बारिश करीब आधा घंटा चली लेकिन बारिश का दौर रूक-रूक कर सुबह 9 बजे तक जारी रहा। जिले में कई जगहों पर अच्छी बारिश के समाचार मिले है। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रात: 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में बागोलिया में 69 मिमी (करीब तीन इंच), उदयसागर पर 65 मिमी, नाई में 51, वल्लभनगर में 50, देवास स्टेज प्रथम पर 22, स्वरूपसागर पर 16 मिमी वर्षा हुई। इधर, सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक बीते 12 घंटों में उदयपुर शहर में 23 मिमी (करीब एक इंच) बारिश हुई है। अलसुबह हुई मूसलाधार बारिश को देखते हुए शहर के कई स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया। इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को मोबाइल संदेश भेज कर दी गई। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि हर बार पीछोला फतहसागर को भरता है लेकिन इस बार फतहसागर इसे पानी देगा। हालांकि केचमेंट में एक अच्छी बारिश का और इंतजार है।

गैंगरेप का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)।पीड़िता ने आरोपी व साथियों के खिलाफ गैंगरेप करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ने पाटियों का खेड़ा भीम आमेट निवासी गोवर्धनसिंह, तनु सतोष, अनुज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि गत दिनों में शहर में रहने वाली अपनी सहेली के यहां मेहमान आई थी। कुछ समय बाद सहेली के चले जाने पर मैंने उसका काम करना शुरू कर दिया। इस दौरान मिला मेरा परिचित मुझे उसके माता पिता के यहां होने तथा उनसे मिलने के लिए मुझे साथ ले गया। उसके साथ जाने पर वह मुझे एक कमरें पर ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा उसके साथी अन्य आरोपियों ने भी मेरे साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों के चंगुल से निकलने के बाद घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बता कर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत कर रही है।

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार गत दिनों वाडद झाडोल निवासी ख्यालीलाल पुत्र कालुलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 18 जुलाई को मैं व मेरी पत्नी व साढू ढीमडी चिकित्सालय में खाना लेकर जा रहे थे। जहां बीचरास्ते बाइक सवार बदमाशों ने रोक तलवार दिखा कर जेब से 13 हजाररूपये नकदी, दो मोबाईल, साढू की जेब से 6 हजार रूपये नकदी व मोबाईल लूट कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी भरतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कारछा फला लावा पानवा खेरवाड़ानिवासी दिनेश पुत्र काना व ढिमड़ी झाड़ोल निवासी लक्ष्मण पुत्र कालु को गिरफ्तार किया।

चोरी का चार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने चोरी सूने मकानों से चोरी की वारदात करने वाली गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लालसोट दौसा हॅल नकोड़ानगर हिरणमगरी नविासी केदार प्रसाद ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं पान मसाले की सेंपलिंग व डिस्प्ले क काम करता हूं। 9 जुलाई को मैं गोदाम पर ताला लगा कर गया। दूसरे दिन लौटा तो गोदाम के ताले टूटे थे एवं पान मसाला गायब था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने टुस डांगीयान डबोक निवासी वक्ताराम पुत्र लोगर, घणोली निवासी शंकरलाल पुत्र कमला, रामलाल उर्फ पुष्कर पुत्र परथा, रामलाल उर्फ फतहलाल पुत्र मोतीलाल को गिरफ्तार किया।

अमर सिंह बने अध्यक्ष

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप हवाई अड्डा टेक्सी संगठन डबोक उदयपुर के चुनाव डबोक स्थित होटल द मेवाड़ में चुनाव अधिकारी मोईनुद्दीन शेख की देख रेख में संपन्न हुए जिसमे अध्यक्ष पद पर अमर सिंह राजपूत एवं सचिव पर ज्ञानप्रकाश राजानी विजय घोषित हुए।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि होटल परियोजना "मैरियट उदयपुर" जो कि खसरा नं. 1360, गांव हवाला खुर्द, गिरवा उदयपुर राजस्थान में आ रहा है यह परियोजना श्री माधव होटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है इस पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण(SEIAA) से पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.8 (b) (20620)/2021-22 दिनांक 25.07.2022 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण(SEIAA) के पास उपलब्ध है एवम वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in/ पर भी उपलब्ध है।

वास्ते
श्री माधव होटल प्राइवेट लिमिटेड

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय श्रीमान मोटरयान दुर्घटना प्राधिकरण स्थान चूरू मंगतुराम विरूद्ध छोटू लाल आदि
वाद/ प्रार्थना पत्र 166 M.V. Act
प्रार्थना-पत्र संख्या 60/2011 सन
नाम गणेश गुर्जर पुत्र स्व.देवा गुर्जर जाति गुर्जर पता निवासी ग्राम दादिया, पुलिस थाना गंगरार तहसील गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि क्योड क्लेम याचिका प्रार्थीगण की स्वीकार कर ली जावे।
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 1 माह 9 सन 2022 को 10.30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
यह आज ता.02 माह 08 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
दिनांक 02-08-2022
आज्ञा से
वरिष्ठ मुन्सरीम न्यायालय
(जिला एवं सेशन न्यायालय चूरू)

संस्कृत प्रतियोगिताओं तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं वेबीनार

उदयपुर, (कासं)। संस्कृत विभाग, मोहनलाल सुखाडिया विवि, उदयपुर एवं राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को संभागस्तरीय संस्कृत भाषण, संस्कृत निबंध लेखन एवं श्लोकपाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। श्लोकपाठ प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने संस्कृत श्लोकों के लयबद्ध उच्चारण द्वारा श्रोताओं का मन मोह लिया। संस्कृत शास्त्रपरम्परा में राजनय एवं प्रशासन विषयाधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं वेबीनार का आयोजन शनिवार को बप्पा रावल स्वर्णजयन्ती अतिथिगृह, मोहनलाल सुखाडिया विवि में किया जाएगा। संगोष्ठी समन्वयक डॉ. जी. एल. पाटीदार ने बताया कि कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी के सान्निध्य, प्रो. सी.आर. सुथार की अध्यक्षता, प्रो. एस.के. कटारिया के सारस्वत उद्बोधन तथा प्रो. प्रदीप त्रिखा के विशिष्टातिथ्य में एवं प्रो. नीरज शर्मा की सादर उपस्थिति में संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र आयोजित होगा।

हर घर तिरंगा से जगेगा देशभक्ति का जज्बा : सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। भारत की आजादी के 75 वे वर्ष के उपलक्ष में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा वितरण अभियान का आगाज कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सहायक कुल सचिव डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. एसबी नागर, डॉ. मलय पानेरी, डॉ. युवराज सिंह राठौड, डॉ. पंकज रावल, डॉ. सपना श्रीमाली ने किया। तिरंगा वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विद्यापीठ के तीनों परिसरों में चलाया जायेगा।

13 से 15 अगस्त तक अपने घरो पर तिरंगा लगाने का आव्हान करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत का स्वाधीनता संग्राम विश्व के अब तक के सबसे महान और गौरवशाली संघर्षो में से एक रहा है, इस बार मौका इसलिए

उदयपुर में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज हुआ।

भी खास है क्योकि आजादी के 75वें वर्ष को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है, यह महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, देश भक्तों की स्वाधीनता का ऐसा अमृत है जो हमें देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से देश का आम नागरिक आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम से जुडेगे और अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराकर गर्व महसूस करेगे। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि तिरंगे का पूरी तरह से सम्मान करे। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की राष्ट्रीय एकता , शांति, समृद्धि, और विकास का प्रतीक है। तिरंगे में तीन रंग की पट्टिका है , सबसे उपर केसरिया रंग की पटिट्का है जो देश की ताकत और साहस को दर्शाती है बीच में श्वेत पटट्ी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य की प्रतीक है नीचे हरे रंग की पटिट् देश की खुशहाली और प्रगतिशीलता का प्रतीक है। श्वेत पटट्ी के मध्य गहरे नीले रंग का अशोक चक्र है जिसमें 24 तीली है, हर तिली एक संदेश लिए हुए है, जो भारत निरंतर प्रगतीशील है का प्रतीक है। एनसीसी प्रभारी डॉ. युवराज सिंह ने बताया कि 500 विद्यार्थियों को तिरंगा वितरण किया। एनसीसी विद्यार्थियों द्वारा शनिवार से आमजन को जागरूक करने के उददेश्य से आमजन को तिरंगा वितरण कर इसकी महत्ता को समझायेंगे। इस अवसर पर डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. दिलिप सिंह चौहान, भगवती लाल सोनी, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. नरदेव सिंह सारंगदेवोत, निजी सचिव के.के. कुमावत, एडवोकेट उदय सिंह देवडा, उदय भान सिंह, प्रो. एस.एस. चौधरी, आशीष नन्दवाना, आरीफ, डॉ. पंकज वया, राजकुमार चौधरी सहित कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001 दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013,
Helpline no- 0294-2426282, वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/4400/2022-23 **आम-सूचना** दिनांक:-5-8-22

श्रीमती जैनब बानो पत्नि श्री असलम खान निवासी 1340-डी गणेशनगर पहाड़ा उदयपुर ने वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/ मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
उदयपुर	1340-डी गणेशनगर पहाड़ा, उदयपुर	पूर्व-मनान जी का मकान पश्चिम-रास्ता उत्तर-रास्ता दक्षिण-सम